राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड का स्वर्णिम प्रदर्शन

राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड की टीम ने दिनांक 15.05.2017 से 19.05.2017 तक **पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लोर** में आयोजित **18वीं अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता 2017** में 17 राज्यों तथा 07 केन्द्रीय पुलिस संगठनों की टीमों की कडी प्रतिस्पर्द्धा में शानदार प्रदर्शन कर ब्रास बैण्ड प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है।

इस प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड की टीम द्वारा किए गए प्रदर्शन के फलस्वरुप प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान आयोजकों द्वारा टीम को प्रदर्शन प्रदर्शन के लिए आमन्त्रित किया गया जो अपने आप में एक गौरव की बात है। राजस्थान की टीम द्वारा समापन समारोह में किए गए प्रदर्शन ने सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के पुलिस महानिदेशक ने इस प्रदर्शन की सराहना की।

ज्ञातव्य है कि राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड की टीम पूर्व में भी इस प्रकार का प्रदर्शन कर चुकी है। पिछले वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में इस टीम को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ था। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने इस टीम को कडी मेहनत व लगन करने हेतु निरन्तर अभिप्रेरित किया तथा नई दिल्ली से ख्यातनाम बैण्ड प्रशिक्षक रिटायर्ड

मेजर नासिर हुसैन से इस बैण्ड को अनवरत सघन प्रशिक्षण दिलाया जिसके परिणामस्वरुप टीम ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिष्ठा को पुर्नस्थापित किया है।

श्री दासोत ने टीम के मैनेजर श्री जितेन्द्र कुमार, कम्पनी कमाण्डर व टीम कप्तान श्री नरेन्द्र सिंह से व्यक्तिशः मुलाकात कर उन्हे इस प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा भविष्य में अपने इस प्रदर्शन को बनाये रखने का भी आह्वान किया है। **टीम के इस प्रदर्शन के लिए पुलिस महानिदेशक श्री मनोज भट्ट ने भी बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की है।**